VIKRAMAJIT SINGH SANATAN DHARMA COLLEGE, KANPUR
Accredited "A" Garde By NAAC (Twice)
Website : vssdcollege.ac.in

Ref. No. : T.P.A.N.O.-O.F.F/147/1094/2025-26 Dated : 24-03-2026

एक दिवसीय करियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव

दिनांक 01 सितम्बर 2025 को Imarticus Learning द्वारा महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग एवं विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "Job Opportunities in Multinational Investment Banks and Retail Banks" विषय पर एक दिवसीय करियर सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण प्रातः 10:00 बजे वाणिज्य विभाग में आयोजित किया गया, जबकि द्वितीय चरण दोपहर 12:00 बजे विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों हेतु रसायन विज्ञान विभाग में सम्पन्न हुआ।

सेमिनार में Imarticus Learning से पधारे विशेषज्ञ श्री सत्य प्रकाश सिंह एवं श्री उत्कर्ष सोनी ने विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र, विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय निवेश बैंकों एवं रिटेल बैंकों में करियर के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को आवश्यक तकनीकी दक्षताओं, सॉफ्ट स्किल्स तथा इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्लेसमेंट यूनिट के प्रभारी डॉ. प्रत्यूष चंद्र, विज्ञान क्लब की संयोजक डॉ. नीलम पाल, वाणिज्य विभाग के डॉ. अभिषेक एवं डॉ. भरत सिद्धार्थ सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

सेमिनार के उपरांत आयोजित प्रवेश प्रक्रिया में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों का चयन Imarticus Learning के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु किया गया, जो महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अंत में, कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ तथा उनके करियर मार्गदर्शन में सहायक रहा।

P. Chandra
Placement Incharge